CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY
छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय

क्रमांकः छगस्वावितविवि/परीक्षा/2018/1607 भिलाई, दिनांकः 25-09-2018

अधिसूचना

विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया है कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने प्रवेश के पश्चात् 8 वर्ष की अवधि पूर्ण कर ली है, परन्तु कुछ विषयों में अनुतीर्ण होने/एग्रीगेट फेल हाने के कारण पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाए है, उन्हें एक विशेष अनुकम्पा अवसर नवम्बर–दिसम्बर 2018 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रदान किया जाता है।

यह विशेष अनुकम्पा अवसर केवल एक बार के लिए प्रदान किया जा रहा है, इसके पश्चात् और कोई अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा एवं भविष्य में किसी भी परिस्थिति में इसे दृष्टांत स्वरूप नहीं लिया जाएगा।

विशेष अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को रूपए 50/– के स्टाम्प पेपर पर वचन पत्र (प्रारूप संलग्न) आवश्यक रूप से जमा करना होगा अन्यथा उन्हें विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

कुलसचिव
छगस्वावितविवि, भिलाई

प्रतिलिपिः

1) समस्त संबंधित संस्था के प्राचार्य/संस्था प्रमुख से अनुरोध है कि इस अवसर की जानकारी अपनी संस्था के समस्त प्रभावित छात्र/छात्राओं को सूचना पटल/समाचार पत्र/सूचना पत्र/ के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रदान करें ताकि संबंधित छात्र/छात्रा इससे वंचित न हों।
2) निज सहायक माननीय कुलपति।
3) मास्टर फाईल।
4) सीएसव्हीटीयू वेब साइट – www.csvtu.ac.in

वचन–पत्र

1. मैं कु./श्रीमती/श्री ....

पिता/पति का नाम .... रोल नम्बर ....

नामांकन क्र. .... डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम ....

(ब्रांच का नाम) में संस्था .... में शैक्षणिक सत्र .... में प्रवेश लिया है, परन्तु पाठ्यक्रम की अधिकतम अवधि (आठ वर्ष) पूर्ण होने के पश्चात् भी .... विषयों में अनुतीर्ण होने/............. सेमेस्टर में एग्रीगेट फेल होने के कारण मैं अपना डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाया/पाई हूँ।

2. मैं छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे विशेष अनुकम्पा अवसर के अंतर्गत नवम्बर–दिसम्बर 2018 की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ।

3. मुझे ज्ञात है कि उक्त विशेष अनुकम्पा अवसर मुझे अंतिम रूप से केवल एक बार के लिए प्रदान किया जा रहा है।

4. इस अवसर के पश्चात् मैं और अतिरिक्त अवसर की मांग नहीं करूंगा/करूंगी।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं .... शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त कंडिका 1 से 4 तक की जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता